# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 9 मार्च 2024शनिवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा पालीगंज, पटना (बिहार) में आयोजित "पिछड़ा-अति पिछड़ा" महासम्मेलन में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**बिहार की 40 की 40 सीटों पर जनता के आशीर्वाद से एनडीए की विजय होगी**

**********************

**कांग्रेस और लालू यादव ने पिछड़ा वर्ग के हितैषी कर्पूरी ठाकुर जी को कभी सम्मान नहीं दिया**

**********************

**मोदी जी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न देने की घोषणा करके पिछड़ों और वंचितों को सम्मान देने का काम किया**

**********************

**पिछड़ा वर्ग विरोधी कांग्रेस की गोद में बैठे हैं लालू यादव**

**********************

**कांग्रेस और RJD घोटालों से युक्त पार्टियां है, जबकि मोदी जी के 23 वर्ष के कार्यकाल पर कोई 25 पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा सकता है**

**********************

**गरीबों और पिछड़ों की भूमि कब्जाने वालों पर कार्रवाही के लिए कमेटी का गठन होगा मोदी सरकार ने दिया पिछड़ा वर्ग आयोग को संवेधानिक दर्जा दिया**

**********************

**गरीबों और पिछड़ों का भला नहीं उनके नाम पर सिर्फ राजनीति करते हैं लालू जी, गरीब और दलित का भला सिर्फ मोदी सरकार कर सकती है**

**********************

**जो परिवार का भला करते हैं वो पिछड़ों का भला कैसे करेंगे**

**********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शनिवार को बिहार के पालीगंज (पटना) में विशाल "पिछड़ा-अति पिछड़ा" महासम्मेलन को संबोधित किया और विगत 10 वर्षों में पिछड़ा-अति पिछड़ा वर्ग के उत्थान के लिए आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हुए कार्यों की विस्तार से चर्चा करते हुए केंद्र में एक बार फिर प्रचंड बहुमत से मोदी सरकार बनाने की अपील की। इस कार्यक्रम में बिहार के उप-मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय सिन्हा, भाजपा ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री के लक्ष्मण और पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद श्री रवि शंकर प्रसाद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। श्री

शाह ने भारत रत्न श्रद्धेय कर्पूरी ठाकुर को नमन करते हुए अपने वक्तव्य की शुरुआत की। उन्होंने अपने उद्बोधन के दौरान कांग्रेस और भ्रष्टाचार के प्रतीक लालू यादव पर चुन-चुन कर हमले किये।

श्री शाह ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस और लालू यादव सदैव अपने परिवार के संरक्षण में लगे रहे। सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना और लालू यादव का लक्ष्य अपने बेटे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाना है। **अपने बेटे - बेटियों को प्रधानमंत्री - मुख्यमंत्री बनाने के लक्ष्य रखने वाले लोग कभी जनता का भला नहीं कर सकते। पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, दलित और गरीब का भला केवल आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ही कर सकते हैं।** यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के लिए अनेकों काम किए हैं लेकिन लालू को गोद में लिए बैठी कांग्रेस ने सदैव उनका अपमान किया है। **कांग्रेस की सरकार ने वर्षों तक काका साहेब कालेलकर और मंडल आयोग की रिपोर्ट को दबाए रखा। संसद में रिपोर्ट पेश होने पर राजीव गांधी ने ओबीसी आरक्षण के विरोध में दो घंटे तक भाषण दिया।** परन्तु भारतीय जनता पार्टी ने इस रिपोर्ट का समर्थन किया। **आज लालू यादव सदैव ओबीसी का विरोध करने वाली कांग्रेस की गोद में बैठे हैं।** कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग आयोग को वर्षों तक संवैधानिक मान्यता से वंचित रखा और कभी केन्द्रीय संस्थानों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण दिया। **पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता और केन्द्रीय संस्थानों में पिछड़ा वर्ग को आरक्षण भी आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दिया है।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि 2014 लोकसभा चुनाव में 31 सीटों और 2019 लोकसभा चुनाव में 39 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाने के लिए बिहार की जनता का सहृदय अभिनंदन और आभार व्यक्त किया और 2024 लोकसभा चुनाव में सभी 40 सीटें भाजपा को जिताने का आह्वान किया। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हाल ही ₹2 लाख करोड़ के विकास कार्यों की सौगात दी है। कांग्रेस और लालू यादव ने इतने वर्षों तक बिहार पर शासन करने के बाद भी बिहार के पिछड़ा वर्ग के हितैषी और जननायक श्री कर्पूरी ठाकुर का सम्मान नहीं किया लेकिन **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया है**। आज समग्र बिहार इस सम्मान के लिए माननीय प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद कर रहा है।

श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ओबीसी उद्यमियों के लिए वेंचर कैपिटल फंड बनाकर ढेर सारे काम किए। **पूरे जीवन भर पिछड़ा और अति पिछड़ा का विरोध करने वाली कांग्रेस की गोद में बैठकर लालू यादव कभी भी पिछड़ा वर्ग का भला नहीं कर सकते।** लालू यादव सिर्फ पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग और गरीबों की भूमि हथिया सकते हैं। श्री शाह ने बिहार की जनता को न्याय का विश्वास दिलाते हुए कहा कि **बिहार की डबल इंजन की सरकार कमेटी का गठन कर भू-माफियाओं को उल्टा लटकाकर कठोर कार्रवाई करेगी और गरीबों को न्याय दिलाएगी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि **चाहे कितनी भी कोशिश कर लें वे प्रदेश के पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग को भटका और बरगला नहीं सकते हैं।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दूरगामी दृष्टि और सतत प्रयास से देश की अर्थव्यवस्था 5वें नंबर पर पहुंच गई है औ उनके एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने पर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगी। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाना है और वहीं दूसरी ओर **कांग्रेस केवल अपने कुनबे को आगे बढ़ाने के लिए वोट बैंक की राजनीति करती है।**

श्री शाह ने कहा कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 25 करोड़ लोगों को गरीबी की रेखा से बाहर निकाला है**, 80 करोड़ लोगों को प्रति व्यक्ति प्रति माह 5 किलो अनाज निःशुल्क उपलब्ध करवाया है, 12 करोड़ गरीबों के घरों में शौचालयों का निर्माण करवाया है, 4 करोड़ गरीबों को पक्का घर दिया है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 10 करोड़ गरीब माताओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस का सिलेंडर उपलब्ध करवाया, 14 करोड़ गरीबों के घर में नल से जल पहुंचाया और आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख तक का निशुल्क इलाज भी सुनिश्चित किया है।** उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा योजना के तहत विश्वकर्मा भाइयों को 5% से भी कम ब्याज पर किट देने का काम किया गया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने विपक्ष की घोटालों की सच्चाई जनता के सामने रखते हुए कहा कि **लालू यादव की पार्टी आरजेडी और कांग्रेस दोनों ही घपला और घोटाला करने वाली पार्टियां है।** आरजेडी ने चारा घोटाला किया, वर्दी घोटाला किया, पाइप घोटाला किया, रेलवे के होटल के आवंटन का घोटाला किया, लैंड फॉर जॉब घोटाला किया और बेनामी संपत्ति बेटे बेटियों के नाम से खरीद ली। वहीं कांग्रेस ने भी कोयला घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, 2जी घोटाला, जमीन के बदले नौकरी में घोटाला और चिट फंड घोटाला किया है। **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एक ऐसे व्यतित्व के धनी है कि उनके खिलाफ कोई 25 पैसे के भ्रष्टाचार के आरोप नहीं लगा सकता है।** लालू यादव ने राम मंदिर के लिए चली रथयात्रा को रोककर पूर्व उप-प्रधानमंत्री श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को गिरफ्तार कर लिया था लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने रामलला के भव्य मंदिर का भूमि पूजन भी किया और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा भी की।

श्री शाह ने हुंकार भरते हुए बिहार की जनता से आग्रह करते हुए एक बार फिर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को विजयी बनाने और 400 से ज्यादा सीटें जिता कर विजय का कमल उनकी झोली में डालने की अपील की। साथ ही उन्होंने विश्वास दिलाया कि **आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आने वाले समय में हमारा भारत गरीबी से मुक्त भारत होगा।** श्री शाह ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कश्मीर से धारा 370 को समाप्त कर के वहां के लोगों को एक नया जीवन दिया है और हमेशा के लिए कश्मीर को भारत का एक अभिन्न अंग बना दिया।

********************